# छत्तीसगढ़ के रायपुर में पहली बार शैक्षणिक कुंभ का आयोजन

**» नेशनल एजुकेशन कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**

**» शैक्षिक समागम में शामिल होंगी ख्याति प्राप्त हस्तियां**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित पं. जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शिक्षा समागम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अतिथि होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद और अजय माकन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम करेंगे। अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में पं. जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शिक्षा समागम 14 और 15 नवम्बर को साइंस कॉलेज मैदान रायपुर के ऑडिटोरियम में होगा। उल्लेखनीय है कि इस समागम में छत्तीसगढ़ के अलावा देश के अनेक राज्यों के शिक्षाविद् एवं नवाचारी शिक्षक शामिल होंगे, जो अपने राज्य में संचालित नवाचारी गतिविधियों से परिचित कराएंगे।

14 और 15 नवम्बर के समापन में ये मेहमान होंगे शामिल

समागम के पहले दिन मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विशिष्ट अतिथि नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, ग्लोबल अलांइस फॉर मॉस एंटरप्रेन्योरशिप के



को-फाउंडर मेकिन माहेश्वरी, नेशनल लीडर एजुकेशन एंड स्किल्स के नारायण रामास्वामी शिरकत करेंगे। दूसरे दिन 15 नवम्बर को अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर इंदु प्रसाद, प्रेसिडेंट एंड चीफएग्जीक्यूटिव सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च यामिनी अय्यर, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की सीईओ रुक्मिणी बेनर्जी, लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के फाउंडर डॉ. धीर जिहिनगरन और नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बिराज पटनायक व प्रो. ऋषिकेश बी. एस. एजुकेशन लॉ एण्ड पॉलिसी अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी उपस्थित होंगे।

समागम में नवाचारी गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसको अतिथियों के द्वारा राज्य के अलावा विभिन्न राज्यों के नई नई शैक्षिक पद्धतियों, नवाचारी गतिविधियों जो छात्रों को जल्दी सीखने और समझने में मददगार होती है, उसका अवलोकन करेंगे एवं देश के विभिन्न राज्यों से आये शिक्षाविद और शिक्षक समझकर अपने अपने राज्य के शैक्षिक गतिविधियों में शामिल कर अध्यापन कराएंगे जिससे छात्रों को नई-नई नवाचारी गतिविधियों में माध्यम से सीखने और समझने में काफी मदद मिलेगी।

इस दो दिवसीय समागम में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से देश व राज्य के प्रमुख बुद्धिजीवी, शिक्षाविद् शामिल होंगे, जिसमें 2019 में अर्थशास्त्र विषय में नोबल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी अपने विचारों को लेकर शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा समागम में छत्तीसगढ़ की शैक्षणिक उपलब्धि, नवाचारी प्रयास, कोरोना के समय में भी शिक्षा की निरंतरता को बनाए रखने हेतु किए गए अद्वितीय और अथक प्रयास को प्रदर्शनी, प्रस्तुतिकरण, संकलन के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय शिक्षा कुंभ में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों को अपने विचार और नवाचारी गतिविधियों को प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा, जहाँ विभिन्न राज्यों की परंपरा, संस्कृति, भाषा, बोली का भी समागम होगा।

कोरोनाकाल में जहाँ सांसे रुक रही थी, विश्व व देश थम गया था, वहीं छत्तीसगढ़ में चलायमान रही तो शिक्षा जैसे-पढ़ई तुंहर दुआर योजना ने संजीवनी प्रदान की और विभिन्न माध्यमों से (ऑनलाइन क्लास, मोहल्ला कक्षा, बुल्टू के बोल, पेटी वाली दीदी, छतरी वाले गुरूजी) पढ़ाई जारी रही। 'स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल' ने गरीब व असमर्थ पालकों और बालकों का जीवन ही बदल दिया है, जहाँ अंग्रेजी माध्यम से उच्च स्तरीय निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रक व बोलेरो वाहन आपस में टकराई,4 घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के जीई रोड हाईवे पर बोलेरो व ट्रक में टक्कर हो जाने से 3 से 4 लोग करीब घायल हो गए। मिली जानकारी के मुताबिक कृषि विश्वविद्यालय के ठीक सामने शुक्रवार को दोपहर के वक्त ट्रक और बोलेरो दोनों मंदिर हसौद से रायपुर की दिशा में ही आ रहे थे। इस बीच दोनों की टक्कर हो गई। बोलेरो से टकराकर ट्रक भी अनियंत्रित होकर पलट जाने से हादसे में 3-4 लोगों के घायल होने की खबर है। हादसे की सूचना कुछ राहगीरों ने पुलिस को दी। मौके पर फौरन तेलीबांधा थाने से पेट्रोलिंग टीम पहुंची। पुलिस का मानना है कि ओवरटेक करने के दौरान दोनों गाड़ियां टकराई। सामान से लदा ट्‌क, चालक ने अचानक मोड़ दिया। जिसकी वजह से पूरा वाहन पलट गया। मौके पर पहुंची पुलिस घटना के संबंध में जानकारी जुटा रही है। घायलों को इलाज के लिए अंबेडकर अस्पातला में भेजा गया है।

### माओवादी नेता ने प्रेस नोट जारी कर जवानों और रिश्तेदारों से किया अपील

**बीजापुर (आरएनएस)।** माओवादी नेता दिनेश मोडियम ने प्रेस नोट जारी कर जवानों और रिश्तेदारों से अपील करते हुए कहा कि जवान माओवादी विरोधी अभियान में शामिल ना हों, पुलिस में भर्ती होकर तनाव पूर्ण नौकरी ना करें ।लिंगमपल्ली में हुए घटना का हवाला देते हुए पुलिस में भर्ती नही होने की अपील भी किया है । वहीं माओवादियों के दक्षिण सब जोनल ब्यूरो ने एक प्रेस नोट जारी कर जवानों के आत्महत्या और आपसी विवाद के बाद हत्या जैसी घटनाओं के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया है ।

### शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने तथा शादी से इंकार कर देने पर पीड़िता ने एक व्यक्ति के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार शोरुम में काम करने वाले दुर्गेश कश्यप रतनपुर के करैहापारा में रहने वाला है। आरोपी बेलगहना क्षेत्र में पीड़िता घर आना-जाना करता था। करीब साल भर पहले उसकी जान-पहचान 23 वर्षीय युवती से हुई। दुर्गेश ने उससे शादी करने का वादा कर लगातार शारीरिक संबंध बनाने लगा। युवती जब शादी के लिए दबाव बनाने लगी तो वह मुकर गया। युवक के धोखा देने के बाद परेशान होकर युवती बेलगहना चौकी पहुंची। उसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुर्गेश के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### करेंट से युवक मृत

**कोरबा (आरएनएस)।** ग्राम गोपालपुर थाना दर्री निवासी अजय कुमार सूर्यवंशी उम्र 20 पिता पूरनलाल सूर्यवंशी इन दिनों इलेक्ट्रिशियन बतौर घरों एवं खंभों से बिजली आपूर्ति संबंधित कामों को किया करता था। कल शाम इसी संदर्भ में बिजली तार जोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक तार में तेज करेंट आने से वह छटपटाने लगा, जिसे आसपास के लोगों ने तार से अलग हटाकर गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां उसे देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि जिला अस्पताल से मेमो मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने इस घटना की जानकारी संबंधित चौकी थाना क्षेत्र घटना स्थल होने के कारण सीएसईबी कोरबा पूर्व चौकी पुलिस को दी। विवेचना अधिकारी साहेबलाल खटकर ने बताया कि उसके द्वारा वैधानिक कार्रवाई पूरी की जा रही है। मृतक के परिजन अभी तक अस्पताल नहीं पहुंचें हैं, जबकि घटना कल शाम 5.30 के लगभग की है।

## नर्स पत्नी से मिलकर लौटा युवक ने घर पर आकर की खुदकुशी, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**दुर्ग (आरएनएस)।** दुर्ग में एक युवक की खुदकुशी ने पुलिस ही नहीं बल्कि पूरे मोहल्ले को सोचने पर मजबूर कर दिया है। न्यू आदर्श नगर निवासी विपिन कुमार साहू 35वर्ष की पत्नी पेशे से नर्स है और पाटन में पदस्थ है। दोनों वैवाहिक जीवन खुश भी थे। 10 नवंबर को वह अपनी पत्नी से मिलने पाटन गया था और वहां से शाम को घर वापस आ गया। इसके बाद 11नवंबर की शाम घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया। अब पुलिस इसी सवाल का जवाब खोज रही है कि आखिर पति-पत्नी के बीच पाटन में ऐसा क्या हुआ कि विपिन खुदकुशी करने पर मजबूर हो गया।पद्मनाभपुर चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस जांच में पता चला है कि विपिन और खिलेश्वरी की शादी 2015 में हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन तो सब ठीक चला। पिछले पांच से दोनों के बीच कुछ विवाद चल रहा था। विपिन ने इसके बारे अपने परिजनों को भी कुछ नहीं बताया और अंदर ही अंदर घुटता रहा। 10 नवंबर को दोनों के बीच न जाने क्या हुआ कि वहां लौट कर उसने इतना बड़ा कदम उठा लिया है। उसके इस कदम से परिजन शोक में डूब गए हैं। पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

## अपनी दादी की टंगिया मारकर की थी हत्या, घटना के तीन घंटे के अंदर गिरफ्तार

**राजिम (आरएनएस)।** राजिम थाना पुलिस को ग्राम रोहिना में फूलबासन बाई ध्रुव पति फेरहा राम ध्रुव 70 साल का शव संदिग्ध हालत में उसके घर में पडा हैं कि सूचना तस्दीक पर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष भुआर्य हमराह स्टाफके मौके पर पहुंचकर घटना स्थल निरीक्षण कर हालात से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मामला प्रथम दृष्टिया हत्या का प्रतीत होने से पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव गरियाबंद के मार्गदर्शन में थाना राजिम पुलिस द्वारा मौके पर अपराध धारा पंजीबद्व कर बारिकी से मामले में जांच विवेचना की गई। जांच दौरान मुखबिर सूचना पर मृतिका के नाती टुकेश ध्रुव से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 09 नवंबर दिन मंगलवार को उसकी दादी फुलबासन बाई एवं उसकी मां गोदावरी ध्रुव के बीच कचरा उठाने की बात का लेकर विवाद हुआ था जिससे आरोपी द्वारा अपनी दादी को जान से मारने की बात मन में ठान लिया गया था तथा शाम करीबन पांच बजे वह अपनी दादी के घर गया और वहां रखे लोहे की टंगिया से फूलबासन बाई पर प्राणघातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिया था तथा घर आकर घटना की जानकारी अपनी मां गोदावरी एवं बडे भाई गोपाल ध्रुव को बताया था जिससे तीनो मिलकर फुलबासन बाई के मकान के बाहर ताला लगा दिये थे। 10 नवंबर दिन बुधवार के रात्रि करीब 10 बजे उक्त ताला को खोल दिये थे तथा आज दिनांक 11.11.21 को फुलबासन बाई की अज्ञात कारणो से मृत्यु हो जाने की खबर गांव में फैला दिये। आरोपियों के विरूद्व थाना राजिम में अपराध क्रमांक 323/21 धारा 302,201,34 भादवि कायम कर आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

उक्त् आरोपियों द्वारा घटना को छिपाने का भरसक प्रयास किया गया किन्तु वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में राजिम पुलिस द्वारा हिकमतअमली से काम कर आरोपियों को जेल भेजने में सराहनीय कार्य किया गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष भुआर्य ,उपनिरीक्षक रामेश्वरी बघेल , प्रआर 123 कृष्ण कुमार गिलहरे , महिला आरक्षक सविता खरे ,आरक्षक गोविंद मरकाम , नोहर सिंह ठाकुर , विमल लकडा , रोशन साहू ,प्रमोद कुमार यादव , का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन के मामले में कड़ी कार्यवाही, जेसीबी, ट्रैक्टर जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** वन और परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर वन क्षेत्रों में अवैध उत्खनन एवं वन अपराध करने वालों के उपर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में वन मंडल कवर्धा अंतर्गत पंडरिया उप वन मंडल के परिक्षेत्र पंडरिया पूर्व में वन मंडल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के स्थानीय अमला को अवैध उत्खनन की मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन करते पाये जाने पर जेसीबी मशीन और तीन ट्रैक्टर ट्रॉलियों को जब्त किया गया है। अधिकारियों ने मौके पर वन भूमि में अवैध रूप से मुरूम का उत्खनन करते हुए पाये जाने पर एक नग जे.सी.बी. मशीन इंजन क्रमांक ॥क्र३ष्ठङ्ग55श्वह्1878937 वाहन स्वामी विश्वनाथ साहू व. कला राम साहू, ग्राम लीलापुर, थाना व. तहसील लोरमी, जिला मुंगेली और वाहन चालक अंजोर सिंह व. विश्नु प्रसाद धुर्वे, ग्राम राम्हेपुर, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली एवं तीन नग ट्रैक्टर क्रमशः महिंद्रा सोल्ड ङ्खङ्क्ष 275 ष्ठढ्ढ वाहन स्वामी नारायण प्रसाद साहू व. गया प्रसाद साहू, ग्राम सरईसेत, थाना कुकदूर, जिला कबीरधाम और वाहन चालक बिकेंद्र व. तिजराम यादव, ग्राम सरईसेत, थाना कुकदूर, जिला कबीरधाम, ष्ट्र 28 ॥द्म 4034 वाहन स्वामी एवं वाहन चालक पन्नालाल साहू व. रामफल साहू, ग्राम सनकपाट छिंदीपारा, थाना कुकदूर, जिला कबीरधाम तथा ष्ट्र 28 श्व 9200 ट्रॉली नंबर ष्ट्र 28 ॥ 9713 वाहन स्वामी कातिक राम साहू व. टिबलू साहू, ग्राम नवरंगपुर, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली और वाहन चालक लेख राम व. कातिक राम साहू, ग्राम नवरंगपुर, जिला मुंगेली पर विभागीय कार्यवाही की है।

कवर्धा के वन मंडलाधिकारी दिलराज प्रभाकर ने बताया कि वन क्षेत्र में अवैध रूप से उत्खनन करते पाए जाने पर जे.सी.बी. मशीन, तीनों ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर परिक्षेत्र कार्यालय लाया गया। उक्त अपराध वन अपराध में पी.ओ.र. संख्या 17153/14 पंजीबद्ध किया गया है। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)(ख)(ग) अंतर्गत वन अपराध करते पाए जाने पर धारा 52 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वन मंडलाधिकारी पंडरिया के कोर्ट में राजसात की कार्यवाही जाएगी।

ज्ञातव्य है कि वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने वन विभाग के अधिकारियों को वन अपराधों जैसे, अवैध कटाई, अतिक्रमण, गर्डलिंग, अवैध खनन, अवैध शिकार, वन क्षेत्रों में अवैध रूप से गाय, भैंस, भेड़, बकरी, ऊंट, आदि पालतू पशुओं का चराई प्रतिबंधित वन क्षेत्रों में प्रवेश, अवैध रूप से वनोपज का परिवहन एवं राजसात प्रकरण जैसे वन अपराधों पर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग कवर्धा द्वारा वन संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। वन अपराधों के मामले में लगातार हो रही कार्यवाही से कवर्धा जिला सहित प्रदेश के विभिन्न वन क्षेत्रों में होने वाले वन अपराधों में सराहनीय नियंत्रण हुआ है।

## नक्सली कमांडर ने अपने ही साथी नक्सली को मौत के घाट उतारा

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर संभाग के कांकेर जिले में एक नक्सली कमांडर राजू सलाम ने अपने ही साथी रावघाट एरिया कमिटी के नक्सल सप्लाई टीम के सदस्य नक्सली बिनेश नुरेटि को मौत के घाट उतार दिया है। कांकेर एसपी शलभ सिन्हा के अनुसार बिनेश नुरेटी, निवासी गट्टाकच्छार के विरूद्ध थाना कोयलीबेड़ा में 08 से अधिक नक्सल संबंधी अपराध पंजीबद्ध हैं। फिलहाल कांकेर पुलिस इस घटना को लेकर तस्दीक करने में जुटी हुई है।

नक्सली कमांडर के द्वारा अपने ही साथी नक्सली को मौत



के घाट उतारे जाने के संबंध में बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि क्षेत्र में नक्सल संगठन के विरूद्ध लगातार हो रही कार्रवाई और घटते हुए जनसमर्थन से बौखलाहट में नक्सली संगठन में आपसी खींचतान चल रही है। जिसके कारण स्वयं प्रतिबंधित नक्सली संगठन के सदस्य एक दूसरे पर हमला कर रहे है।

## सब इंजीनियर युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर में जल संसाधन विभाग में सब इंजीनियर युवती ने अपने क्वार्टर में 11 नवंबर की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी करने से पहले उसने अपने स्कूल की दोस्त को मोबाइल से वीडियो कॉल की। इस नजारे को देखकर युवक सिहर उठा। वह युवती को बार-बार इस तरह से आत्मघाती कदम उठाने के लिए मना करता रहा। लेकिन, वह नहीं मानी और फंदा बनाकर झूल गई। मामला सकरी थाना क्षेत्र के सिंचाई कॉलोनी की है।

जांजगीर-चांपा जिले के हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम कैथा की रहने वाली शशि टंडन 30 वर्ष पुत्री बलिराम टंडन जल संसाधन विभाग के सकरी डिवीजन में सब इंजीनियर के पद पर कार्यरत थीं। वह सकरी स्थित सिंचाई कॉलोनी में अकेली रहती थी। परिवार के सदस्य गृह ग्राम में रहते हैं। गुरुवार की रात करीब 12.8 बजे शशि ने अपने स्कूल के दोस्त विजय कुमार साहू को मोबाइल से वीडियो कॉल की। तब, उसके गले में फंदा बंधा हुआ था। युवती आत्महत्या कर दुनिया से जाने की बात कह रही थी। विजय उस समय मध्यप्रदेश के सिंगरौली से परिवार समेत मल्हार लौट रहा था। इस दौरान विजय के परिवार वाले भी शशि को आत्मघाती कदम उठाने से मना करते रहे। फिर भी वह नहीं मानी। फोन कटते ही विजय ने उसके परिजन सहित पुलिस को कॉल कर घटना की जानकारी दी। जब तक पुलिस व परिजन सिंचाई कॉलोनी स्थित क्वार्टर पहुंचे, तब तक युवती फंदे से झूल रही थी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के गीदम थाना क्षेत्र अंतर्गत सितंबर माह में एक नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 20 सितंबर को गणेश विसर्जन कार्यक्रम देखने गई एक नाबालिग को दो आरोपी सुखमन वेट्टी व बबेस वेट्टी निवासी तुमनार व गुमलनार के द्वारा जबरन जंगल की तरफ ले जाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया, जिसकी शिकायत पीडिता के परिजनों ने गीदम थाने में दर्ज कराई थी। दंतेवाड़ा एसडीओपी आशा रानी ने बताया की आरोपी के दोनो आरोपियों के विरूद्ध धारा 376 डी, 506, 34, और 04 पास्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु० सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## आजादी का अमृत महोत्सव : देश की आजादी में महिलाओं का योगदान

**» पीआईबी-आरओबी द्वारा वेबिनार का संयुक्त आयोजन**

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'आजादी के अमृत महोत्सव'के तहतसूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), रायपुरऔर प्रादेशिक लोकसंपर्क कार्यालय (आरओबी), रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय (एफओबी), कांकेर के सहयोग से आज, 12 नवम्बर, 2021 (शुक्रवार) को अपराह्न12.30 बजे से 01.30 बजे तक 'आजादी का अमृत महोत्सवः देश की आजादी में महिलाओं का योगदान' विषयपर एक वेबिनार का आयोजन किया गया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के फील्ड अधिकारी, गैर-सरकारी संगठनों के कार्यकर्ता, सांस्कृतिक दलों के लोक कलाकार तथा महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएंइस




वेबिनार में शामिल हुए । आदिवासी शासकीय विद्यालय, सिंगारभाट की व्याख्याता, श्रीमती काकोली देबनाथऔर शिवि डेवलपमेंटसोसाइटी, कांकेर की कार्यक्रम सहायक,सु नीलोफर खानने वेबिनार को संबोधित किया।

वेबिनार को संबोधितकरते हुए आदिवासी शासकीय विद्यालय, सिंगारभाट की व्याख्याता, श्रीमती काकोली देबनाथ ने कहा कि आजादी के 75 साल पूरे हो गए हैं. पर देशवासियों के दिल में आज भी उन शख्सयितों के लिए प्यार और सम्मान कम नहीं हुआ है, जिन्होंने आजादी की खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया है । आजादी के लिए कुर्बानी देने और देश के लिए लड़ने वाले वीरों में देश की विरंगनाएं भी थीं । इन्हीं वीरांगनाओं में रायपुर की डॉ. श्रीमती राधाबाई का नाम भी आता है जिन्हें छत्तीसगढ़ की पहली महिला स्वतंत्रता सेनानी होने का गौरव प्राप्त है ।